**<u>संख्या- 60/2018/2209/33-3-2018-212/2017</u>**

**प्रेषक,**

**प्रवीण कुमार लक्षकार,**
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

**सेवा में,**

**निदेशक,**
पंचायतीराज
उ0प्र0 लखनऊ।

**<u>पंचायती राज अनुभाग-3</u>** **<u>लखनऊ: दिनांक: 05 जुलाई, 2018</u>**

**विषय:- मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत रू. 2000.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-5/617/2018-(5)आर.जी.एस.ए./58/2018 दिनांक 10.04.2018 एवं पत्र संख्या-5/683/2018-5/20/2017 दिनांक 05.06.2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत रू. 2000.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति अवमुक्त किए जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

**2-** इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है वर्तमान वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-14 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2515-अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम-101-पंचायतीराज-21- मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना-42-अन्य व्यय में प्राविधानित धनराशि रू. 2000.00 लाख (रू. बीस करोड़ मात्र) को निम्न शर्तों के अधीन अवमुक्त किया जाता है:-

**(1)** स्वीकृत की जा रही धनराशि उन्हीं मदों में व्यय की जायेगी, जिन मदों के लिए इसकी स्वीकृति दी जा रही है।

**(2)** स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष में किया जाना सुनिश्चित करेंगें।

**(3)** स्वीकृत की जा रही धनराशि की पुनरावृत्ति/दुरावृत्ति न हो।

**(4)** प्रशासनिक मद में न्यूनतम धनराशि का ही व्यय किया जायेगा।

**(5)** प्रश्नगत योजनान्तर्गत निर्धारित कार्यों को निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करेंगें।

**(6)** स्वीकृत की जा रही धनराशि किसी भी दशा में आहरित कर पी0एल0ए0/बैंक खाते में जमा नहीं की जायेगी।

**(7)** धनराशि कोषागार से तभी आहरित की जायेगी जब इसके व्यय की तात्कालिक आवश्यकता हो।

**(8)** मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना से सम्बन्धित शासनादेश संख्या-81/2017 /33-3-2017-212/2017 दिनांक 20.09.2017 में निर्धारित शर्तों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

3- उक्त आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या-यू.ओ.ई-2-729/10-18 दिनांक 05.07.2018 द्वारा प्राप्त सहमति से निर्गत किए जा रहे हैं।

भवदीय,

**(प्रवीण कुमार लक्षकार)**
विशेष सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in